नेहरू युवा केन्द्र एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान से गर्रा घाट पर स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

ऑडिशन टाइम्स

शाहजहाँपुर। नेहरू युवा केन्द्र एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान से जिला स्तरीय स्पेयरहेड टीम के सदस्यों- हरित पसंद वसुंधरा सोसाइटी एवं युवा सर्व कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रुप से गर्रा घाट पर स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा गर्रा नदी के समीप साफ सफाई का कार्य आरंभ किया गया तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने घाट को स्वच्छ करते हुए नदी के समीप पढ़े हुए कूड़ा कचरा, विसर्जित की गई मूर्तियों आदि को बाहर निकाला एवं जन अपील की कि किसी भी धर्म से संबंधित मूर्तियों, पूजा सामग्री व कूड़ा कचरा आदि को नदी में ना डालें अपितु गड्ढा खोदकर उसमें दफना दे। नगर निगम द्वारा पुराने पुल पर बनाए गए आधुनिक शाक सब्जी एवं फल विक्रय परिक्षेत्र व नवीन पुल पर रैली निकालते हुए समस्त सब्जी विक्रेताओं को प्लास्टिक का प्रयोग न करने, नदियों में अपशिष्ट पदार्थ ना डालें व अन्य सभी क्रेता को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम अंतर्गत जिला परियोजना अधिकारी विनय कुमार सक्सेना, चीफ इंस्पेक्टर सी पी सिंह, हरित वसुंधरा सोसायटी अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना एवं युवा सर्व कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ रूपक श्रीवास्तव द्वारा नगर निगम के समस्त स्वच्छता योद्धा को सम्मानित किया गया साथ ही घाट पर रंगोली बनाने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहयोग स्वयंसेवी संस्थाओं, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों एवं नगर निगम टीम का रहा।